
उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

देश

सुप्रीम कोर्ट के नये न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार उपाध्याय का मथुरा से है खास नाता, दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय की पदोन्नति।



संवाददाता खुशांत गुप्ता मथुरा- देश के सर्वोच्च न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) में तीन नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय, गुजरात उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सुनीता अग्रवाल और तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अपरेश कुमार सिंह को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों के साथ ही शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की कार्यशील संख्या बढ़कर 37 हो गई है।कान्हा की नगरी मथुरा में भी हर्ष का माहौलसुप्रीम कोर्ट के नवनियुक्त न्यायाधीश जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय का धर्मनगरी मथुरा से बेहद आत्मीय और पारिवारिक सम्बन्ध है। वे अमर नाथ विद्या आश्रम सीनियर सैकेण्ड्री स्कूल के संस्थापक प्रधानाचार्य और अमरनाथ आश्रम ट्रस्ट कमेटी (सोसायटी) के संस्थापक सदस्यों में से सदस्य स्वर्गीय श्री आनंद मोहन वाजपेयी जी के दामाद हैं। इसके साथ ही वे मथुरा के प्रतिष्ठित वाजपेयी परिवार के बहनोई हैं।जस्टिस उपाध्याय के सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पद पर आसीन होने की सूचना मिलते ही मथुरा स्थित अमरनाथ विद्या आश्रम परिवार, अमर नाथ आश्रम ट्रस्ट कमेटी और शिक्षा जगत से जुड़े प्रबुद्धजनों में खुशी की लहर दौड़ गई।

एक नज़र में

CLA पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया जागरूक।
1857 की क्रांति में प्रमुख भूमिका निभाई थी महारानी वीरांगना अवंति बाई लोधी ने।
अलीगढ़: हरदुआगंज तापीय विद्युत परियोजना प्लांट डिस्पेंसरी में लगा निःशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच गैस्ट्रो व न्यूरो परामर्श शिविर।
जान से मारने की नीयत से मारपीट और धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार।
पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

CLA पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया जागरूक।



संवाददाता खुशांत गुप्ता CLA पब्लिक स्कूल में 'मिशन शक्ति' के तहत छात्राओं को किया जागरूकहेल्पलाइन नंबर, गुड टच-बैड टच और साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारीनौहझील (मथुरा)। थाना नौहझील की 'मिशन शक्ति' टीम द्वारा क्षेत्र के CLA पब्लिक स्कूल में छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को महिला सुरक्षा, उनके अधिकारों, कर्तव्यों और विषम परिस्थितियों में उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में एसएसआई संजय कुमार सिंह और एसआई ज्योति ने छात्राओं को विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी संकट की स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों के माध्यम से तत्काल पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है।

देश

अलीगढ़: हरदुआगंज तापीय विद्युत परियोजना प्लांट डिस्पेंसरी में लगा निःशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच गैस्ट्रो व न्यूरो परामर्श शिविर।



सह संपादक अशोक नेताजी सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत हरदुआगंज तापीय विद्युत परियोजना, कासिमपुर के प्लांट डिस्पेंसरी में निःशुल्क गैस्टो व न्यूरो संबंधी स्वास्थ्य जांच व परामर्श शिविर का आयोजन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, सेक्टर 128, नोएडा के सहयोग से किया गया। इस शिविर का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक इंजीनियर अमिताभ आनंद ने फीता काटकर किया तथा न्यूरोसर्जन डॉक्टर रोहन सिंह व गैस्ट्रो सर्जन डॉक्टर पीयूष कुमार सिंह का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया।शिविर के आरंभ में डॉक्टर रोहन सिंह ने मस्तिष्क संबंधी विभिन्न आकस्मिक स्थितियों(न्यूरोलॉजिकल इमरजेंसी) की पहचान व उसका त्वरित उपचार पर अतिथि व्याख्यान दिया।

देश

जान से मारने की नीयत से मारपीट और धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार।



संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी राया। थाना राया पुलिस ने जान से मारने की नीयत से मारपीट करने, गाली-गलौज और धमकी देने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की है।पुलिस के अनुसार, 7 अक्टूबर 2026 को दोपहर 1:25 बजे मदन विहार स्थित बीएसए कॉलेज के पास से दूगरवीर उर्फ सोनू पुत्र करनवीर सिंह, निवासी नगला हंसी, थाना राया, हाल निवासी सुखनगढ़, थाना राया, उम्र करीब 36 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

राजनीति

1857 की क्रांति में प्रमुख भूमिका निभाई थी महारानी वीरांगना अवंति बाई लोधी ने।



संवाददाता हर्ष राठी जवां: 18157 की क्रांति में अंग्रेजों को धूल चटाकर देश प्रेम एवं वीरगाथा की अद्भुत विशाल बनी थी वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी, अपने को अंग्रेज दुश्मनों से घिरा देखकर उन्होंने उनके हाथों गिरफ्तार होने से अच्छा अपने सेनापति की तलवार को अपने सीने में घोंपकर वीरगति पाना ज्यादा बेहतर समझा जिस कारण अंग्रेज लार्ड को उनको गिरफ्तार करना केवल सपना बनकर रह गया।